

करुणाधाम आश्रम में पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज के सानिध्य में त्रिदिवसीय सार्वभौम दिग्विजय महायज्ञ शुरू हुआ।

## भारत भवन में आज से शुरू होगा तीन दिवसीय कजरी झूला गायन समारोह


**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सावन की रिमझिम फुहारों और लोक-संगीत की मधुर परंपरा को स्वर देने के उद्देश्य से भारत भवन के संगीत केंद्र अनहद द्वारा 24 से 26 जुलाई तक तीन दिवसीय 'कजरी-झूला गायन महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। वर्षा ऋतु की सांगीतिक अनुभूतियों को समर्पित यह महोत्सव लोक और शास्त्रीय संगीत के अद्भुत संगम का साक्षी बनेगा, जिसमें प्रदेश के प्रतिष्ठित कलाकार अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को सावन की रसधारा में सराबोर करेंगे। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ला ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 24 जुलाई को सायं 7 बजे सुश्री नीना श्रीवास्तव के गायन से होगा। इसके पश्चात सायं 7:40 बजे सुश्री सुनन्दा शर्मा की प्रस्तुति होगी। इसके बाद 25 जुलाई को श्री फूलसिंह मांडरे अपने साथी कलाकारों के साथ लोकधुनों की प्रस्तुति देंगे, इसके साथ ही श्री शशिकुमार पाण्डे एवं उनके साथी कलाकार सावन की लोक परंपराओं को स्वर देंगे। महोत्सव का समापन 26 जुलाई को होगा। अंतिम दिवस श्री अरविन्द पटेल एवं उनके साथी कलाकार प्रस्तुति देंगे। इसके उपरांत सुश्री उर्मिला पाण्डे अपने साथी कलाकारों के साथ कजरी और झूला गायन की मनोहारी प्रस्तुति देकर समारोह का सांगीतिक समापन करेंगी।

# बिजली कंपनी के एसीई की संपत्ति 17.12 करोड़ रुपए

## आय से अधिक संपत्ति मामले में लोकायुक्त जांच तेज, 25 बैंक खाते फ्रीज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता शिवराम सेमिल के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकायुक्त पुलिस की जांच लगातार आगे बढ़ रही है। जांच में अब तक सेमिल और उनके परिवार की चल एवं अचल संपत्तियों का मूल्य बढ़कर 17.12 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। लोकायुक्त यह पता लगाने में जुटी है कि 33 वर्ष की शासकीय सेवा के दौरान इतनी बड़ी संपत्ति किस प्रकार अर्जित की गई। मामले में उन्हें वर्तमान पद से हटाने के लिए ऊर्जा विभाग और विद्युत वितरण कंपनी को भी पत्र भेजा गया है।

लोकायुक्त जांच के दौरान सेमिल और उनके परिवार से जुड़े 25 बैंक खातों की जानकारी सामने आई है। इनमें भारतीय स्टेट बैंक तथा भारतीय औद्योगिक





विकास बैंक के खाते शामिल हैं। ये खाते शिवराम सेमिल, उनकी पत्नी रामबेटी, पुत्र सौरभ, पुत्रवधू सुनीता तथा उनसे संबंधित फर्मों के नाम पर संचालित पाए गए हैं। जांच में शुभम इलेक्ट्रिकल तथा कॉर्निश पावरजोन से संबंधित छह बैंक खातों का भी पता चला है। इन खातों में कुल 62.89 लाख रुपये जमा होने की जानकारी मिली है। इसके अतिरिक्त सौरभ सेमिल के नाम सावधि जमा की भी जानकारी सामने आई है। लोकायुक्त जांच में मुरैना स्थित संपत्तियों का भी खुलासा हुआ है। वहां लगभग 50 लाख रुपये मूल्य का एक मकान मिला है। मकान में रखे घरेलू सामान का मूल्य लगभग 7.51 लाख रुपये आंका गया है। इसके अलावा मुरैना में 20 गुणा 40 फुट का एक भूखंड तथा लगभग सवा बीघा कृषि भूमि होने की जानकारी भी मिली है। इन संपत्तियों से संबंधित अभिलेख पंजीयन विभाग से प्राप्त किए जा रहे हैं। लोकायुक्त ने शिवराम सेमिल, उनके परिवार तथा संबंधित फर्मों के बैंक खाते फ्रीज करा दिए हैं। साथ ही आयकर विभाग से उनके तथा परिवार के सदस्यों की आयकर विवरणियों का विवरण मांगा गया है। इसके अतिरिक्त भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड को पत्र भेजकर अंश बाजार, पारस्परिक निधि तथा अन्य वित्तीय निवेशों से संबंधित जानकारी भी तलब की गई है।

## रोटरी क्लब ऑफ न्यू भोपाल ने किया आईसीएस कॉलेज में पौधारोपण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** रोटरी क्लब ऑफ न्यू भोपाल ने अध्यक्ष किशोर तेजवानी के नेतृत्व में रातीबड़ स्थित आईसीएस कॉलेज परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम के दौरान क्लब सदस्यों और मेडिकल एवं इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने मिलकर लगभग 150 पौधे रोपे तथा उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। क्लब की ओर से 100 पौधे, खाद और आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। अध्यक्ष किशोर तेजवानी ने कहा कि पौधा लगाना आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश है। इस अभियान में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जिनेन्द्र जैन, सचिव सतीपाल सचदेवानी, मेजर जनरल टिप्सी रावत, मनोज शर्मा, दीपेश ठाकुर और हेमनानी सहित कई प्रमुख सदस्य और विद्यार्थी मौजूद रहे।



# हरियाली का संकल्प : एक पौधा, अनेक पीढ़ियों का जीवन

## परोपकारिणी महिला मंडल ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया प्रेरक संदेश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बढ़ते पर्यावरणीय संकट और घटते हरित क्षेत्र के बीच परोपकारिणी महिला मंडल ने समाज को प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए पिपलानी स्थित आनंदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। मंडल की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े के नेतृत्व में सदस्यों ने बेल, शमी, आम, अमरूद और चीकू सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर डॉ. साधना गंगराड़े ने कहा कि 'पौधरोपण तभी सार्थक है, जब पौधों का संरक्षण भी हमारी जीवनशैली का हिस्सा बने। एक पौधा केवल पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वायु, जल और स्वस्थ पर्यावरण की अमूल्य धरोहर है।'

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्रत्येक परिवार वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल का दायित्व भी निभाए। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति प्रकृति के प्रति अपना दायित्व समझे, तो पर्यावरण संरक्षण एक जनआंदोलन बन सकता है। पौधरोपण अभियान में कविता अग्रवाल, विमलेश शुक्ला, हंसा बोन्द्रिया, बलजीत कौर, मंजू रावत, डॉ. अनामिका रावत, शर्मा आंटी, प्रभा सेन, कमलेश अग्रवाल, वंदना सिरपुरकर, डॉ. भावना श्रीवास्तव, अनीता सक्सेना, मंगला, उमा शर्मा एवं पूनम सक्सेना ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखेंगे तथा समाज के अधिकाधिक लोगों को हरियाली बढ़ाने के इस अभियान से जोड़ेंगे। 'आज लगाया गया एक पौधा, आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है।'

## हनुमान चालीसा पाठ से बच्चों में बढ़ेगी बुद्धिमत्ताः पटेरिया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** संत नगर स्थित नुक्कड़ वाली माता मंदिर में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को रात्रि 8 बजे सकल समाज द्वारा ओम' के उच्चारण और जय सियाराम के जयकारों के साथ श्री हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती आयोजित की जाती है।

मंदिर के पुजारी रवि पटेरिया ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों से रोजाना हनुमान चालीसा का पाठ कराएं, जिससे उनका बौद्धिक विकास हो सके। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि बच्चा पूरा पाठ न कर सके, तो केवल 'गुरु गृह पढन गए रघुराई, अल्पकाल विद्या सब आई' या 'बल बुद्धि विद्या देहु मोहि, हरहु कलेश विकार' जैसी चौपाइयों का जाप भी करा सकते हैं। इससे बच्चों में एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ेगी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा, वीएचपी जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर, जीतू कटारिया, हीरो हिंदू, दयाराम मैहर सहित कई गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान आयोजित ई-पत्रिका 'तिरूपा' का हुआ विमोचन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को 'श्री गुरुदेवाय नमः' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रति कुलपति एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त युवा विचारक डॉ. चिन्मय पण्ड्या मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र बिहारी गोस्वामी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, दार्शनिक एवं वैज्ञानिक विरासत को आधुनिक



शिक्षा प्रणाली से जोड़ना है, ताकि विद्यार्थियों में ज्ञान के साथ संस्कार और जीवन-मूल्यों का भी विकास हो।

मुख्य वक्ता डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने भारतीय ऋषि परंपरा, योग, ध्यान, वैदिक ज्ञान और भारतीय संस्कृति की वैश्विक प्रासंगिकता पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा के मुख्य प्रवाह से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति के मूल्यों को अपनाकर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की ई-पत्रिका 'तिरूपा' का भी विमोचन किया गया। पत्रिका का संपादन डॉ. कीर्ति शर्मा एवं डॉ. मनीषा शर्मा ने किया है। आयोजन योग आयोग मध्यप्रदेश एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त, अतिरिक्त संचालक सहित अनेक शिक्षाविद, अधिकारी, प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। नई शिक्षा नीति के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन एवं शोध को प्रोत्साहित करना है।

## अयोध्या नगर व अवधपुरी स्थित वाईन शॉप संचालकों से वसूला जुर्माना

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा गंदगी फैलाने व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में निगम अमले ने गुरूवार को अयोध्या नगर स्थित अवधपुरी स्थित वाईन शॉप संचालकों द्वारा गंदगी फैलाने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने पर 08 हजार रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूली साथ ही अन्य क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने, प्रदूषण फैलाने तथा सम्पत्ति विरूपण करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही में 59 प्रकरणों में 13 हजार 400 रुपये की राशि स्पॉट फाईन/जुर्माने के रूप में वसूल की। निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर ढंग से साफ-सफाई सुनिश्चित की जा रही है साथ ही स्वच्छता बनाए रखने हेतु निरीक्षण भी किया जा रहा है।

# दुकानों के सामने खड़े ठेलों से व्यापारियों का कारोबार प्रभावित

## व्यापारियों के साथ सिंधी पंचायत ने सौंपा पुलिस को ज्ञापन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** संतनगर के प्रमुख बाजारों में दुकानों के आगे अनधिकृत रूप से लगने वाले ठेलों को लेकर स्थानीय व्यापारियों का गुस्सा अब फूट पड़ा है।

करोड़ों रुपये का निवेश कर व्यापार कर रहे दुकानदारों का कहना है कि मुख्य मार्गों, पीएनबी बैंक रोड, आरा मशीन रोड, रेलवे स्टेशन रोड और निरंकारी मंडल रोड समेत कई अहम बाजारों में ठेलों का कब्जा बढ़ता जा रहा है। इससे बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही पर सीधा असर पड़ रहा है और व्यापार मंदा होने के साथ-साथ आए दिन ठेला चालकों व दुकानदारों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

**असामाजिक तत्वों का जमावड़े पर चिंता :** व्यापारियों का गंभीर आरोप है कि कुछ ठेलों के आसपास नशीले पदार्थों का सेवन किया जाता है, जिससे वहां असामाजिक तत्वों का डेरा लगा रहता है। कई बार ठेला संचालकों द्वारा अभद्र व्यवहार और गुंडागर्दी की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं, जिससे बाजारों में आने वाले



ग्राहकों और व्यापारियों के मन में असुरक्षा का माहौल पैदा हो रहा है।

**आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी से गुस्सा :** पूज्य सिंधी पंचायत ने पुलिस को दिए ज्ञापन में बताया कि लगभग एक सप्ताह पहले कपड़ा व्यवसायी नीरज जनयानी पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में कुछ लोगों की गिरफ्तारी तो हुई है, लेकिन मुख्य हमलावर अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

**पुलिस को सौंपा ज्ञापनः** इस समस्या से निजात पाने के लिए व्यापारियों ने पूज्य सिंधी पंचायत से गुहार लगाई। इसके बाद पंचायत पदाधिकारियों ने बैरागढ़ थाना प्रभारी अशोक गौतम को भी ज्ञापन सौंपकर बाजारों में कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने, अवैध ठेलों पर नकेल कसने और आपराधिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनी कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में माधू चांदवानी, राजकुमार वाधवानी, सुरेश रीझवानी, राकेश शेवानी, भरत आसवानी और पुरुषोत्तम हरचंदानी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# निगम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हटाए अतिक्रमण

**नप्र, भोपालः** नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमणों को हटाने व अवैध निर्माणों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने सीएम हेल्प लाईन, कॉल सेंटर व अन्य माध्यमों से प्राप्त षिकायतों के निराकरण तथा निगम की नियमित कार्यवाही के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण कर अवैध बनीं झुग्गी, किचन गार्डन की जाली, अवैध बनीं दीवार, चबूतरे, नाली के ऊपर रखी फर्षियां, अवैध बनें छप्पर, आवागमन में बाधक दो पहिया व चार पहिया वाहन, फुटपाथ पर लगी सब्जी आदि की दुकानें, दुकानों के बाहर रखा सामान तथा बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, कुर्सी व अन्य अतिक्रमणों को हटवाया साथ ही ठेले, स्टूल, बेंच, लकड़ी का शोकेस, वाटर कूलर, बाल्टी, कुर्सी आदि जप्त की। निगम अमले ने जिला प्रषासन की कार्यवाही में सहयोग देकर अमराई आंगनवाड़ी के पास 01 प्लाट पर चादर द्वारा किये गये अवैध शेड को हटाने की कार्यवाही की। निगम आयुक्त के निर्देष पर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते के दलों ने गुरूवार को कोलार सी.आई. पार्क, दानिष कुंज, मंदाकिनी, राजहंस कालोनी, बांजारी परिसर, निर्मलादेवी गेट, डीमार्ट, सिग्नेचर 99, वल्लभ भवन, रेतघाट, रविन्द्र भवन, बोट क्लब, एम.पी. नगर, बोर्ड आफिस चौराहा, एम.पी. नगर जोन-2, एम्स मेट्रो स्टेषन, एम्स हास्पिटल, बुधवारा, नादरा बस स्टेण्ड, नवीबाग आदि क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए राजहंस कालोनी में 01 अवैध निर्माण कार्य व बालाजी परिसर में नवीन बन रही 01 दीवार का कार्य रूकवाया, बुधवारा में जर्जर मकान, करोद रूसल्ली में घरों के बाहर बनें 2 अवैध चबूतरे, करोद हाउसिंग बोर्ड व नवीबाग जैन सिटी में अवैध बनें 01- 01 छप्पर आदि को तोड़ा।

# मुख्यमंत्री ने भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस की दीं शुभकामनाएँ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय मजदूर संघ के स्थापना दिवस पर सभी श्रमिक भाई-बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि श्रम, कौशल और समर्पण से नए भारत के निर्माण में श्रमिकों की सहभागिता वंदनीय है। हर श्रमिक साथी के अधिकारों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।


**KHIALDAS DEVELOPERS**
**07, ISBT Commercial Campus, Near Chetak Bridge, Bhopal-462024**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म के रजिस्ट्रार इंडियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 की धारा-58 (1) फर्म मैसर्स खियालदास डवलपर्स भोपाल का रजिस्ट्रेशन नंबर 01/01/01/00288/07 वर्ष 2006-07 दिनांक 08/03/2007 को किया गया था।

उक्त फर्म के पार्टनर श्री राजेश साघवानी पिता श्री मिरचूमल साघवानी आयु 58 वर्ष ने दिनांक 30/03/2026 को त्याग-पत्र देकर दिनांक 01/04/2026 को फर्म के पार्टनरशिप के पद से पदमुक्त हो गये है।

उक्त फर्म में पार्टनरशिप निम्नलिखित पार्टनरों द्वारा संचालित की जायेगी।
(1) श्री दिनेश इदनानी (प्रथम पार्टनर) (2) श्री मनीष कुमार इदनानी (द्वितीय पार्टनर) (3) श्रीमती मीतू इदनानी (तृतीय पार्टनर)

1. दिनेश इदनानी — KHIYALDAS DEVELOPERS PARTNER
2. मनीष कुमार इदनानी — KHIYALDAS DEVELOPERS PARTNER
3. श्रीमती मीतू इदनानी — KHIYALDAS DEVELOPERS PARTNER

**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal – 462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on M.P. Tender :

| S.No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1 | MPSEDC/ COE/2026/703 | Request for Proposal (RFP) Selection of Agency for Providing AI-Powered Voice Bot Implementation for CM Helpline 181 & MP eSEVA Portal, Madhya Pradesh |

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on M.P. Tender Portal **www.mptenders.gov.in** .
M.P. Madhyam/127137/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार Aditya Birla Housing Finance Ltd. भोपाल कार्यालय-प्रेम कमला टॉवर, तृतीय तल,एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल (म.प्र.) द्वारा 1. श्रीमती दीपिका मरकाम पत्नी श्री पवन मरकाम, 2. श्रीमती ज्योति बाई काकोडिया पत्नी श्री गोरेलाल काकोडिया की सम्पत्ति 1. प्लाट नं. 07, जिसका क्षेत्रफल 1138 वर्गफिट है, जो कि भूमि खसरा नं. 184/1/2/2/1/1 (पुराना खसरा नं. 184/1/2/2) का भाग है, 2. प्लाट नं. 08, जिसका क्षेत्रफल 1119 वर्गफिट है तथा जो कि भूमि खसरा नं. 184/1/2/2/1/1/1/1 (पूर्व विक्रय पत्र अनुसार खसरा नं. 184/1/2/2) का भाग है तथा जो कि ग्राम जमोनिया छीर, पटवारी हल्का नं.34/53, वार्ड नं.03, मुख्य मार्ग से अंदर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, को सम्यक् बंधक करके ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, उक्त प्लाट नं. 07 संबंधित पूर्व स्वामी श्री संजेश परमार के नाम का चैन डाक्यूमेण्ट मूल दस्तावेज ई पंजीयन नं. MP059692021A1138448 दिनांक 09.02.2021 कहीं गुम हो गया है । यदि उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करने में सर्वसाधारण, किसी शासकीय, अशासकीय, किसी बैंक या वित्तीय संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का कोई लेना-देना निकलता हो, उनके पक्ष में ऊपरवर्णित सम्पत्ति विक्रय, बंधक, सम्यक् बंधक, दान या किसी प्रकार से हस्तांतरण आदि की गयी हो या उससे संबंधित विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत कर दें, समयावधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को सम्यक् बंधक करके उक्त ऋण सुविधा प्रदान कर देंगे तथा भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट**
फ्लैट नं.सी-106, प्रथम तल, चन्दन ब्लाक, विनार स्ट्रिट, जीवन मोटर्स के पीछे, अरेरा हिल्स, भोपाल
मो.-9827223510, 7987467025

1058

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड, ग्रीन मेडोज, अरेरा हिल्स, भोपाल में स्थित भवन क्रमांक 1 ट्रिप्लेक्स, टाईप लोटस विला मण्डल द्वारा (1) श्री कृपा शंकर शर्मा आत्मज स्व. श्री रामलाल जी शर्मा (2) श्री आशीष शर्मा आत्मज श्री कृपा शंकर शर्मा (2) श्रीमती आरती शर्मा पत्नी स्व. श्री मनीष शंकर शर्मा ( श्री मनस्वी शंकर शर्मा आत्मज स्व. श्री मनीष शंकर शर्मा) श्री तेजस्वी शंकर शर्मा आत्मज स्व. श्री श्री मनीष शंकर शर्मा के नामों पर आवंटित/ नामांतरित है। इनमें से श्री आशीष शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति का अपना अविभाजित हिस्सा श्रीमती आरती शर्मा पत्नी स्व. श्री मनीष शंकर शर्मा के पक्ष में हक त्याग विलेख के माध्यम से दान कर दिया है। जिसका हक त्याग विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 11/03/2026 को निष्पादित करा दिया है। आवेदकों द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, पंजीकृत हक त्याग विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति में से श्री आशीष शर्मा का नाम विलोपित कर (1) श्री कृपा शंकर शर्मा आत्मज स्व. श्री रामलाल जी शर्मा (2) श्रीमती आरती शर्मा पत्नी स्व. श्री मनीष शंकर शर्मा (3) श्री मनस्वी शंकर शर्मा आत्मज स्व. श्री मनीष शंकर शर्मा (4) श्री तेजस्वी शंकर शर्मा आत्मज स्व. श्री मनीष शंकर शर्मा के नाम से करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी/ संस्था, उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

1057

**न्यायालय सुश्री रंजना डोडवे तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बैरसिया जिला भोपाल**

प्र.नं. 492/2026 बैरसिया दिनांक 20/07/2026
आर.सी.एस.ए.-37/2019 श्रीमती मंजू श्रीवास्तव आदि..**विरुद्ध**..राधा वल्लभ श्रीवास्तव आदि

**प्रति,** 1. शिवानी पुत्री रजनी पत्नी श्री सतीश श्रीवास्तव, उम्र 40 वर्ष, निवासी-7 परेवाखेडा तहसील हुजूर, जिला भोपाल 2. आरती पुत्री रजनी पति विशाल श्रीवास्तव उम्र 35 वर्ष, निवासी परेवाखेडा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल 3. पूजा पुत्री रजीन पति भवानी श्रीवास्तव, उम्र 32 वर्ष, निवासी- बस स्टैण्ड तलेन, जिला सीहोर म.प्र. प्रत्यर्थी क. 1 से 3 को जिला भोपाल दैनिक समाचार के माध्यम से जिस सूचित किया जाता है कि आर.सी.एस.ए.-37/2019 श्रीमती मंजू श्रीवास्तव आदि विरूद्ध राधा वल्लभ श्रीवास्तव आदि के अंतर्गत पेश किया गया है जो कि प्रत्यार्थीगण 01. शिवानी पुत्री रजनी पत्नी श्री सतीश श्रीवास्तव, उम्र 40 वर्ष, निवासी- 7 परेवाखेडा तहसील हुजूर, जिला भोपाल 02. आरती पुत्री रजनी पति विशाल श्रीवास्तव उम्र 35 वर्ष, निवासी-परेवाखेडा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल एवं 03. पूजा पुत्री रजीन पति भवानी श्रीवास्तव, उम्र 32 वर्ष, निवासी- बस स्टैण्ड तलेन, जिला सीहोर म. प्र. की उपस्थिति हेतु नियत है। इसलिए नियत पेश दिनांक 21.08.2026 को प्रत्यर्थीगण मार्फत अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराये। यदि उक्त नियत पेशी दिनांक को प्रत्यार्थीगण 01. शिवानी पुत्री रजनी पत्नी श्री सतीश श्रीवास्तव, उम्र 40 वर्ष, निवासी-7 परेवाखेडा तहसील हुजूर, जिला भोपाल 02. आरती पुत्री रजनी पति विशाल श्रीवास्तव उम्र 35 वर्ष, निवासी- परेवाखेडा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल एवं 03. पूजा पुत्री रजीन पति भवानी श्रीवास्तव, उम्र 32 वर्ष, निवासी- बस स्टैण्ड तलेन, जिला सीहोर म.प्र., का कोई जवाब, आपत्ति पेश नहीं करते तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। अतः आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत पेशी दिनांक 21.08.2026 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज तारीख 20.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**सुश्री रंजना डोडवे, न्यायाधीश**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बैरसिया, जिला भोपाल**